# नागौद से फुलवारी तक पहली बार दौड़ा रेल इंजन








## सतना-पन्ना रेल परियोजना का महत्वपूर्ण पड़ाव; सीआरएस निरीक्षण के साथ ट्रायल रन सफल, ग्रामीणों में भारी उत्साह

सतना।

ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना के अंतर्गत सतना-पन्ना रेल खंड पर मंगलवार का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ। रेल संरक्षा आयुक्त मध्य पूर्व परिमंडल,ब्रजेश कुमार पाठक (गुरु प्रकाश) ने जबलपुर जोन और मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम के साथ सतना-पन्ना सेक्शन में नागौद से फुलवारी (देवेन्द्रनगर) तक नवनिर्मित ट्रैक का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान ट्रैक पर पहली बार ट्रेन के पहुंचने से समूचे क्षेत्र में जश्न का माहौल रहा।

### वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ निरीक्षण

निरीक्षण की शुरुआत सुबह करीब 7 बजे हुई,जब सीआरएस के साथ डीआरएम कमल कुमार तलरेजा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (जबलपुर जोन), ईईएन मंटू सिंह,एडीईएन रशीद अहमद और अन्य वरिष्ठ अधिकारी रीवा से विशेष ट्रेन द्वारा सतना पहुंचे। इसके पश्चात,सुबह 8:30 बजे टीम स्पेशल ट्रेन से नागौद के लिए रवाना हुई।

### 15 किमी लंबी नई रेल लाइन का परीक्षण

सीआरएस की टीम ने नागौद से लेकर फुलवारी (देवेन्द्रनगर के समीप) तक 15 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन,नवनिर्मित स्टेशनों और ब्रिजों का बारीकी से तकनीकी मुआयना किया। इस दौरान टीम ने सुरक्षा मानकों और ट्रैक की क्षमता को परखा। ट्रायल के दौरान सतना एरिया मैनेजर नरेंद्र सिंह सहित कई स्थानीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### जब इंजन पहुंचा स्टेशन, ग्रामीणों ने किया स्वागत

दोपहर लगभग 12 बजे जैसे ही डीजल इंजन फुलवारी रेलवे स्टेशन पहुंचा,वहां मौजूद ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बनता था। पन्ना जिले की सीमा में पहली बार ट्रेन की धमक सुनकर आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग स्टेशन की ओर उमड़ पड़े। ग्रामीणों ने इसे जिले के विकास की दिशा में एक 'ऐतिहासिक उपलब्धि' बताया। लोगों का मानना है कि रेल सेवा शुरू होने से क्षेत्र में व्यापार,परिवहन और आर्थिक विकास के नए द्वार खुलेंगे।

### जल्द शुरू हो सकती है पैसेंजर सेवा

नागौद से फुलवारी तक का यह ट्रायल रन सतना-पन्ना रेल परियोजना के अंतिम चरण का एक बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। सीआरएस के इस सफल निरीक्षण के बाद अब उम्मीद जताई जा रही है कि इस ट्रैक पर जल्द ही नियमित यात्री ट्रेनों का परिचालन शुरू हो जाएगा।

**स्थानीय निवासी** - पन्ना जिले के लिए यह एक सपना सच होने जैसा है। इंजन का पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि अब रेल की सीटी पन्ना की वादियों में जल्द ही स्थायी रूप से गूंजेगी।



## मैहर मेले में रंगदारी मांगने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे गए

**मैहर।** चैत्र नवरात्रि मेले के दौरान सावरी ऑटो संचालक से रंगदारी वसूलने का मामला सामने आया है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में उप जेल मैहर भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार उचेहरा निवासी आवेदक से राज चौधरी उर्फ मंडली,आकाश चौधरी और देवराज साकेत,निवासी चंडीगंज कटरा मोहल्ला,द्वारा रंगदारी की मांग की जा रही थी। आरोप है कि पैसे न देने पर आरोपियों ने आवेदक को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना से परेशान होकर आवेदक ने कोतवाली मैहर में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296,115(2),119(1),351(3) और 3/5 के तहत मामला दर्ज किया। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को तीनों को न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मेले के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नजीराबाद की चढ़ाई पर हांफी मालगाड़ी

## दूसरा इंजन लगाकर पार कराया गया ढलान

सतना।

**सोमवार को सतना-नजीराबाद रेल खंड के पास एक मालगाड़ी के पहिए उस वक्त थम गए,जब भारी लोड के कारण उसका इंजन चढ़ाई चढ़ने में नाकाम साबित हुआ। काफी देर तक मशक्कत करने के बाद भी जब ट्रेन आगे नहीं बढ़ सकी,तो रेल प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए अतिरिक्त इंजन (बैंकर इंजन) भेजा,जिसके बाद मालगाड़ी को गंतव्य की ओर रवाना किया जा सका।**




### लोड ज्यादा होने से थमी रफ्तार

मिली जानकारी के अनुसार,सोमवार को एक मालगाड़ी सतना नदी के पास नजीराबाद के चढ़ाव वाले क्षेत्र से गुजर रही थी। ट्रेन में लोड क्षमता से अधिक या तकनीकी सीमा के अंतिम छोर पर होने के कारण मुख्य इंजन ने चढ़ाई पर जवाब दे दिया। मालगाड़ी बीच रास्ते में ही खड़ी हो गई,जिससे रेल यातायात प्रभावित होने की स्थिति बन गई थी।

### मौके पर पहुंचे जिम्मेदार

मामले की गंभीरता को देखते हुए स्टेशन मैनेजर और सहायक स्टेशन मैनेजर तत्काल हरकत में आए। स्थिति का जायजा लेने के बाद एक अतिरिक्त इंजन मौके पर भेजा गया। इस दूसरे इंजन की मदद से मालगाड़ी को पीछे से जोर दिया गया और चढ़ाई पार कराई गई।

### रेलवे ने ली राहत की सांस

नजीराबाद का यह क्षेत्र अपनी भौगोलिक बनावट और चढ़ाई के लिए जाना जाता है। अक्सर भारी लोड वाली गाड़ियों को यहाँ अतिरिक्त पावर की आवश्यकता पड़ती है। समय पर दूसरा इंजन पहुँचने से ट्रैक ज्यादा समय के लिए बाधित नहीं हुआ और रेलवे अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

### तो रेल यातायात होता बाधित

रेलवे के सूत्रों ने बताया कि अधिकारियों ने अगर तत्परता नहीं दिखाई होती तो यहां पर रेल यातायात बाधित हो जाता क्योंकि मालगाड़ी में लाइन पर चल रही थी और इसी दौरान कुछ देर बाद अप और डॉउन से कई ट्रेनों के आने जाने का समय हो रहा था।

## श्री आदिनाथ जिनालय की वर्षगांठ पर ध्वजा परिवर्तन आज

सतना।

श्री श्वेतांबर जैन संघ ट्रस्ट सतना द्वारा संचालित गांधी चौक स्थित श्री आदिनाथ जिनालय के संपूर्ण जिणोधार-प्रतिष्ठा उपरांत द्वितीय वर्षगांठ पर 25 मार्च बुधवार को ध्वजा परिवर्तन प्रातः 11 बजे किया जाएगा। श्री श्वेतांबर जैन संघ ट्रस्ट के प्रचार प्रमुख संदीप कुमार जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए इंदौर से विधिकार अरविन्द भाई चौरडिया एवं उनकी टीम भी सतना पधार चुकी है। जिनालय जी की वर्षगांठ पर प्रातः से ही विभिन्न मांगलिक कार्यक्रम प्रारम्भ हो जायेंगे। सुबह 8.30 बजे जिनालय मुख्य ध्वजा के लाभार्थी परिवार वोरा गुलाबचंद साकरचंद परिवार के घर गुजराती मार्केट से सभी ध्वजा के लाभार्थी परिवार ध्वजा लेकर सकल श्रीसंघ के साथ वाजते-गाजते श्री आदिनाथ जिनालय आएंगे। तत्पश्चात सुबह 8.45 बजे सत्तरभेदी पूजा,सुबह 11.00 बजे ध्वजा परिवर्तन,ध्वजा के लाभार्थी परिवार जिनालय मुख्य शिखर वोरा गुलाबचंद साकरचंद परिवार,कुन्थुनाथ भगवान-वोरा चमनलाल प्रेमचंद परिवार, मुनिसुव्रत स्वामी भगवान-वोरा दल सुखलाल मगनलाल परिवार, मणिभद्र वीर मेहता हसमुखलाल हेमचंद परिवार,श्री नाकोड़ा भैरव देव-शाह नारायणजी रूपचंद परिवार, दादा गुरुदेव (शिखर)-वोरा सुरेशचंद्र अमृतलाल परिवार दादा गुरुदेव (नीचे): समदड़िया सुलोचना देवी केशरीचंदजी परिवार- जबलपुर,श्री पद्मावती माता-दीक्षिताबेन कार्तिकभाई चौरसिया परिवार, श्री महाकाली माता-वोरा नवीन चन्द अमृतलाल परिवार,श्री सरस्वती माता-हेतलबेन शाह परिवार-बैंगलोर,श्री पुण्डरीक स्वामी तोरण-वोरा सुरेशचंद्र अमृतलाल परिवार,श्री गौतम स्वामी तोरण-वोरा दलसुखलाल मगनलाल परिवार, गौमुख यक्ष तोरण-मातुश्री नीताबेन नरेंद्र कुमार शाह परिवार, श्री चक्केश्वरी देवी तोरण-वोरा दलसुखलाल मगन लाल परिवार ने प्राप्त किया है। श्री संघ के अध्यक्ष दीपक भाई वोरा,उपाध्यक्ष कीर्ति भाई कामदार, मंत्री राजेश कुमार जैन, सहमंत्री हर्षद मेहता, कोषाध्यक्ष मनोज भाई बोरा एवं ट्रस्ट मंडल के सभी ट्रस्टियों ने ध्वजा के सभी लाभार्थी परिवार से अनुरोध किया है कि सुबह ठीक 8.30 बजे श्री शांतिनाथ घर देरासर में एकत्रित होकर ध्वजा वाजते-गाजते श्री आदिनाथ जिनालय लेकर आएंगे। इस अवसर पर श्री संघ स्वामी वात्सल्य-(दोपहर 1 बजे से 2.30 बजे तक) की भी व्यवस्था की गईं है। श्रीसंघ स्वामी वात्सल्य का लाभ वोरा गुलाबचंद साकरचंद परिवार ने प्राप्त किया है। श्रीसंघ के सभी श्रावक-श्राविकाओं से सभी कार्यक्रम में समयसर पधारने का अनुरोध किया गया है।





## श्री रामा कृष्णा कॉलेज में 'ट्रांसफार्मर इंस्टॉलेशन और सुरक्षा' पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन

सतना।

श्री रामा कृष्णा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, साइंस एंड मैनेजमेंट, करही के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का मुख्य विषय ट्रांसफार्मर का इंस्टॉलेशन और सुरक्षा मापदंड था। इंजीनियर प्रवीन्द्र उर्मलिया,अशोक बिल्डकॉन लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर, इस सत्र का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को किताबी ज्ञान से हटकर व्यावहारिक और औद्योगिक अनुभव प्रदान करना है,ताकि वे भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.अग्निवेश अग्निहोत्री, डीन अभय मिश्रा,दीपेश निगम, अकादमिक प्रमुख सुश्री शुभी खरे, विभागाध्यक्ष विपिन सिंह, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के समस्त स्टाफ मेंबर एवं छात्र/ छात्रा मौजूद रहे।

## 5000 की रिश्वत लेने के आरोप में रीवा आईजी ने तीन पुलिस कर्मियों को किया निलंबित

**सतना।** रीवा के हनुमना थाना क्षेत्र के अंतर्गत जमुआनी गांव में चल रहे बोरिंग कार्य को रुकवाकर और सरकारी प्रतिबंध का डर दिखाकर अवैध वसूली करने वाले तीन पुलिसकर्मियों पर गाज गिरी है। रीवा आईजी गौरव राजपूत ने सोशल मीडिया पर मामला उजागर होने के बाद त्वरित संज्ञान लेते हुए तीनों पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

**क्या है पूरा मामला?** - मिली जानकारी के अनुसार,घटना रविवार और सोमवार की दरमियानी रात करीब 1:30 बजे की है। जमुआनी गांव में एक बोरिंग मशीन से काम चल रहा था। इसी दौरान थाने में पदस्थ तीन पुलिसकर्मी-बृजेश पटेल,विकास राजपूत और सुरेश मिश्रा वहां पहुंचे। उन्होंने बोरिंग मैनेजर अजीत को शासन द्वारा बोरिंग पर प्रतिबंध होने की बात कहकर डराना शुरू कर दिया। बृजेश पटेल नामक पुलिसकर्मी ने तो मैनेजर को मोबाइल पर प्रतिबंध से संबंधित कथित आदेश भी दिखाया और कार्रवाई की धमकी देते हुए उसे जबरन गाड़ी में बैठा लिया। आरोप है कि पुलिसकर्मी मैनेजर को गाड़ी में बैठाकर झुकवाह और विजयपुर की ओर ले गए। वहां मामले को रफा-दफा करने के एवज में 10,000 की रिश्वत मांगी गई। काफी देर तक चली सौदेबाजी के बाद मामला 5,000 में तय हुआ। मैनेजर से पैसे लेने के बाद उसे छोड़ा गया।

**सोशल मीडिया पर खुलासे के बाद आईजी की कार्रवाई**

इस पूरे घटनाक्रम का खुलासा जैसे ही सोशल मीडिया के माध्यम से हुआ,पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। रीवा आईजी गौरव राजपूत ने विभाग की छवि धूमिल करने वाले इस कृत्य को गंभीरता से लिया और विभागीय जांच के साथ ही तीनों आरोपियों-बृजेश पटेल,विकास राजपूत और सुरेश मिश्रा को सस्पेंड करने का आदेश जारी कर दिया।

## खबर संक्षेप

### वीआईपी दर्शन के नाम पर अवैध वसूली, दलाल सक्रिय

**मैहर।** मां शारदा देवी धाम में जहां एक ओर प्रशासन द्वारा वीआईपी दर्शन पर प्रतिबंध लगाया गया है, वहीं दूसरी ओर कुछ दलाल इस प्रतिबंध का फायदा उठाकर श्रद्धालुओं से अवैध वसूली कर रहे हैं। ताजा मामला सामने आया है जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी के नाम का फर्जी संदेश भेजकर श्रद्धालुओं से 500 रुपये प्रति व्यक्ति वसूले जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ से दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं को एक दलाल ने अपने झांसे में ले लिया और उन्हें वीआईपी दर्शन कराने का आश्वासन दिया। इसके बदले उनसे पैसे लिए गए और रोपवे के माध्यम से विशेष सुविधा दिलाने की कोशिश की गई। हालांकि रोपवे प्रबंधन की सतर्कता से मामला उजागर हो गया। रोपवे प्रबंधन ने संदिग्ध गतिविधि को पकड़ते हुए तत्काल कार्रवाई की और पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की है। जांच में सामने आया कि इस अवैध वसूली में सचिन पटेल नामक व्यक्ति की भूमिका बताई जा रही है,जो खुद को प्रभावशाली लोगों से जुड़ा बताकर श्रद्धालुओं को गुमराह कर रहा था। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वीआईपी दर्शन पूरी तरह प्रतिबंधित हैं और किसी भी प्रकार की विशेष सुविधा के नाम पर पैसे लेना अवैध है। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे ऐसे दलालों के झांसे में न आएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही जा रही है।

### मेला क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने से प्रभावित दुकानदारों की आजीविका का मुद्दा गरमाया

**मैहर।** मेला क्षेत्र में फुटपाथ एवं अस्थायी दुकानों को हटाने की कार्यवाही के बाद अब छोटे दुकानदारों की आजीविका का मुद्दा तूल पकड़ने लगा है। बड़ी संख्या में प्रभावित दुकानदारों ने अपनी समस्याएं जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाई हैं,जिसके बाद नगर पालिका परिषद मैहर की अध्यक्ष ने इस संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री व मैहर जिले के प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी ने अपने निवेदन में बताया कि मेला क्षेत्र में वर्षों से छोटे स्तर पर व्यवसाय कर रहे सैकड़ों दुकानदारों का रोजगार पूरी तरह इन अस्थायी दुकानों पर निर्भर है। हाल ही में की गई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही से इन दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। कई दुकानदारों ने शासन की योजनाओं के तहत ऋण लेकर या निजी उधारी से अपना व्यवसाय शुरू किया था,ऐसे में अचानक दुकान हटने से वे आर्थिक संकट में आ गए हैं। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि इन गरीब परिवारों के लिए नवरात्रि मेला साल का सबसे बड़ा अवसर होता है,जब वे अच्छी कमाई की उम्मीद रखते हैं। लेकिन इसी दौरान की गई कार्यवाही से उनका व्यापार पूरी तरह प्रभावित हो गया,जिससे उनके परिवारों की स्थिति दयनीय हो गई है। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित दुकानदारों के लिए जल्द से जल्द वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराया जाए,ताकि उनका रोजगार फिर से शुरू हो सके। साथ ही पुनर्व्यवस्था की प्रक्रिया दुकानदारों को विश्वास में लेकर चरणबद्ध तरीके से की जाए,जिससे किसी भी वर्ग को नुकसान न हो। उन्होंने यह भी कहा कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाना जरूरी है,लेकिन इसके साथ ही आमजन की आजीविका का संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इस मामले में सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय बनाते हुए मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

## रात के अंधेरे में 'कायाकल्प' या हो रहा है घोटाला?

**मैहर।** शहर में चल रही कायाकल्प योजना अब सवालों के घेरे में आ गई है। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में बीती 22 मार्च की रात अंधेरे में किए गए सड़क डामरीकरण कार्य ने स्थानीय लोगों के बीच भारी चर्चा छेड़ दी है। आरोप है कि निर्माण कार्य मनमाने तरीके से और बेहद घटिया सामग्री का उपयोग कर किया जा रहा है।स्थानीय रहवासियों का कहना है कि सड़क निर्माण इतना खराब है कि दिन के उजाले में देखने पर भी गुणवत्ता साफ नजर आती है,जबकि रात में काम करने का मकसद ही यही लगता है कि कोई देख न सके। लोगों का आरोप है कि नई बनाई जा रही सड़क पहले से भी पतली है और उसकी चौड़ाई भी कम कर दी गई है। इतना ही नहीं,डामर की परत कितनी मोटी डाली जानी चाहिए,इसका भी कोई स्पष्ट मापदंड पालन होता नजर नहीं आ रहा। नियमों को ताक पर रखकर किए जा रहे इस निर्माण कार्य ने जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। रहवासियों में यह चर्चा जोरों पर है कि आखिर किसके संरक्षण में ठेकेदार इस तरह की लापरवाही कर रहे हैं। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या संबंधित विभाग के अधिकारी जानबूझकर आंखें मूंदे हुए हैं।

खबर संक्षेप

## कृष्णागढ़ में भगवान निषादराज महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली गई



**पवई।** ग्राम कृष्णगढ़ जिला पन्ना में माझी, निषाद, रैकवार, बर्मन, केवट, मल्लाह के आराध्य देव भगवान गुहराज निषाद महाराज जयंती समारोह बड़े ही भव्य रूप में माझी समुदाय लोगो ने मनाई गई है जिस में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। शोभा यात्रा मरही प्रांगण से शारदा माता प्रांगण होते हुए बस स्टैंड , मरही माता में समापन हुआ। मुख्य अतिथि मोहनी आनंद मिश्रा जनपद पंचायत पवई रही कार्यक्रम में डॉ संजू रैकवार अध्यक्ष दशरथ रैकवार उपाध्यक्ष नीरज रैकवार कोषाध्यक्ष निर्णायक कमेटी उत्तम रैकवार मुन्नी रैकवार सुखलाल जगमोहन अंजू सुनील रैकवार सरपंच राजेंद्र रैकवार गोविंद (बब्बा) रैकवार हरिओम राजेश रैकवार और आस पास के 15 से 20 गांवों से आए हुए सभी रैकवार, बर्मन समाज द्वारा किया गया।

## ज्वाला माता मंदिर में भव्य महाआरती सम्पन्न, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**अमानगंज।** नगर स्थित ज्वाला माता मंदिर में आयोजित महाआरती का कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और माता के दर्शन कर धर्म लाभ अर्जित किया। महाआरती के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। जयकारों और भजनों के साथ श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ पूजा-अर्चना में भाग लिया। मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया था, जिससे कार्यक्रम की भव्यता और भी बढ़ गई। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों सहित दूर-दराज से आए भक्तगण भी शामिल हुए। सभी ने विधि-विधान से माता की आरती कर सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ती है और लोगों को धर्म से जुड़ने का अवसर मिलता है।

## जिले के फुलवारी रेलवे स्टेशन पर पहली बार पहुंची ट्रेन, क्षेत्र में उत्साह की लहर




**पन्ना।** पन्ना जिले के लिए ऐतिहासिक क्षण आखिरकार मंगलवार को साकार हो गया, जब देवेंद्रनगर तहसील के फुलवारी रेलवे स्टेशन पर पहली बार ट्रेन पहुंची। जैसे ही दोपहर लगभग 12 बजे डीजल इंजन फुलवारी स्टेशन पहुंचा, पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बन गया। फुलवारी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पहुंचने की खबर मिलते ही आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण स्टेशन की ओर उमड़ पड़े। पहली बार अपने क्षेत्र में ट्रेन देखने को लेकर लोगों में भारी उत्साह और खुशी देखी गई। ग्रामीणों ने इस पल को पन्ना जिले के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। बताया जा रहा है कि फुलवारी स्टेशन पर डीजल इंजन का ट्रायल रन किया गया, जो लंबे समय से चल रही पन्ना-सतना रेल परियोजना के अंतिम चरण का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। इस ट्रायल रन के साथ अब जिले में रेल सुविधा शुरू होने की उम्मीद और मजबूत हो गई है। पन्ना जिले में पहली बार रेल इंजन पहुंचने से लोगों को अब आने वाले समय में बेहतर यातायात, व्यापार और क्षेत्रीय विकास की नई उम्मीदें नजर आने लगी हैं। हालांकि, इस पूरे ट्रायल रन को लेकर अभी तक संबंधित अधिकारियों की आधिकारिक पुष्टि सामने नहीं आई है।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में विद्यारंभ कार्यक्रम आयोजित

**पन्ना।** मंगलवार को पहली बार पन्ना जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत 5 से 6 वर्ष के सभी बच्चों को प्राथमिक शाला में सहज रूप से स्थानांतरण करने व आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से विद्यारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर ऊषा परमार के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले की समस्त 1495 आंगनबाड़ी केन्द्रों में विद्यारंभ कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें 18 हजार से अधिक शाला प्रवेशी बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया।

# प्रशासन द्वारा विस्थापितों की समस्याओं को लेकर निदान के साथ स्थापित किये जाने की कार्यवाही वहीं दूसरी तरफ न्याय को लेकर आंदोलन आगे होगा क्या?

जिले में केन वेतन लिंक परियोजना के विस्थापितों को लेकर एक तरफ जिला प्रषासन के मुखिया कलेक्टर ने विगत दिवस विस्थापितों की समस्याओं को निराकरण कर कार्यवाही करें वहीं दूसरी तरफ खून से लिखी जा रही न्याय की पुकार अब आगे होता है क्या?







**पन्ना।**

जिले में विस्थापितों को लेकर प्रषासन की कार्यवाही वहीं दूसरी तरफ अमित भटनागर द्वारा खून से प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर पीड़ा व्यक्ति करने की कार्यवाही तानाषाही का प्रषासन के ऊपर आरोप वहीं दूसरी तरफ अमित भटनागर के साथ जो लोग आंदोलन में शामिल है। प्रषासन के द्वारा शांति भंग किये जाने को लेकर नोटिस थमाये जाने का आरोप केन-वेतवा लिंक परियोजना में विस्थापितों की मुआवजे की मांग के साथ-साथ पन्ना जिले में जहां अजयगढ़ तहसील अंतर्गत मझगांय डेम व रूंझ डेम परियोजना के विस्थापितों की लड़ाई भी मुआवजे को लेकर इस मुहिम में शामिल होना बताया जा रहा है। वहीं विस्थापितों की समस्याओं को लेकर विगत दिवस कलेक्टर पन्ना ने स्वयं ही निराकरण करके विस्थापितों को लेकर स्थापित करने की कार्यवाही को समय पर किये जाने को लेकर जनसम्पर्क के माध्यम से खबर प्रकाषित की गई हैं आखिर अब इस मामले में आगे क्या होता है यह तो आगे की कार्यवाही ही तय करेगी वहीं जो आरोप पुलिस छावनी में तब्दील किये जाने का लगाया गया उसमें एसडीओपी अजयगढ़ से बात की गई तो एसडीएम अजयगढ़ की कार्यवाही बताई गई वहीं एसडीएम साहब से बात की गई तो आपने बताया कि तहसीलदार अजयगढ़ के द्वारा नोटिस जो जारी किये गये है जिस पर थाना प्रभारी के द्वारा 12 लोगों को नोटिस जारी किये गये है। जैसे मामले को ध्यान में रखकर कार्यवाही की बात बताई जा रही है। तहसीलदार अजयगढ़ के द्वारा लोगों को अपना पक्ष रखने की बात बताई जा रही है। वहीं इन सभी से बॉण्ड भराये जाने की कार्यवाही को माना जा रहा है। दूसरी तरफ मामला चाहे जो हो पर कहीं न कहीं विस्थापितों की लड़ाई अमित भटनागर के नेतृत्व में आंदोलन का रूप ले रही है। वहीं आगे प्रषासन व आंदोलन कारियों की यह जिस तरह से राह चल पड़ी है। कब तक क्या होगा यह हर दिन की कहानी बनती जा रही है। आगे क्या होगा जहां आंदोलन को न्याय मिलने तक रोका नहीं जाने को लेकर बयां किया गया है। वहीं जिला प्रषासन की मुखिया कलेक्टर पन्ना के द्वारा समस्याओं का निदान करके समय को ध्यान में रखते हुए विस्थापितों को स्थापित करने के लिए कार्यवाही को जिम्मेदारों के लिए लेख किया जा रहा है। देखना यह है कि वास्तविकता में आगे कार्यवाही को मानकर आंदोलन स्थगित होगा या कि जारी रहेगा। गौरतलब बात तो यह है कि जब जिला प्रषासन की मुखिया ने समस्याओं का निदान करते हुए विस्थापितों के लिए कार्यवाही की दिषा समय के साथ तय करने के लिए जिम्मेदारों को निर्देषित किया गया है तो फिर अब आंदोलन में फांसी सांकेतिक लगाने की जैसी हालात आंदोलन में क्यों दूसरी तरफ खून से प्रधानमंत्री को पत्र लिखना अपने आप में क्या प्रषासन पर भरोसा नहीं। आखिर न्याय को लेकर एक तरफ आंदोलन की बात की जा रही है दूसरी तरफ जिला प्रषासन की मुखिया स्वयं समस्याओं का निदान करते हुए विस्थापितों पर कार्यवाही स्थापित करने के लिए संज्ञान में लिया गया है वहीं विगत दिवस आंदोलन में इस तरह जो दास्ता सामने आई है गौरतलब बात यह है कि विस्थापितों को न्याय की मांग को लेकर आंदोलन बताया जा रहा है। अब सवाल यह उठता है कि सांकेतिक फांसी तथा खून से लिखे जाने वाले पत्र क्या वास्तविकता में शांति के लिए बाधक कहें या आंदोलन को आगे बढ़ाने का एक नायाब तरीका वहीं प्रषासन सतत चौकसी के साथ अपनी कार्यवाही को लेकर भी दिषा तय कर रहा है। एक तरफ विस्थापितों की समस्याओं के निदान को ध्यान में रखकर कार्यवाही को लेकर तो दूसरी तरफ शांति भंग न हो इस पर भी नोटिस देकर कार्यवाही अब आगे आंदोलन का रूप क्या होगा यह तो वक्त ही तय करेगा।

## अवैध शराब की तस्करी पर लगाम कसी अल्टो कार व 17 पेटी शराब पकड़ी




**अजयगढ**।. थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चंदला-अजयगढ़ मार्ग पर नाकाबंदी कर मारुति अल्टो कार (क्रमांक ड्च17ब्ठ7743) को रोका। कार में भरी हुई 17 पेटी अवैध शराब (देशी व अंग्रेजी) जब्त कर ली गई। एक आरोपी अखिलेष यादव को मौके से गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। शराब की अनुमानित कीमत एक लाख रुपये बताई जा रही है।

**पुलिस अधीक्षक पन्ना के सख्त निर्देश का असर**- पुलिस अधीक्षक ने पूरे जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए थे। उसी का पालन करते हुए थाना प्रभारी अजयगढ़ हरि सिंह ठाकुर की टीम ने तुरंत एक्शन लिया। शामिल पुलिसकर्मी (सराहनीय कार्य) थाना प्रभारी हरि सिंह ठाकुर प्रधान आरक्षक अशोक अहिरवार, आरक्षक भूपाल सिंह, भूरी सिंह, अमित यादव, मनोज पटेल, रामनरेश तथा अन्य पुलिस स्टाफ शामिल रहा। यह कार्रवाई जिले में अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाने की दिशा में एक और मजबूत कदम है। पन्ना पुलिस का संदेश साफ है "अवैध शराब और मादक पदार्थों की जिले में कोई जगह नहीं!"



## विश्व क्षय दिवस पर टीबी मरीजों को पोषण आहार किट का वितरण

**पन्ना।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत मंगलवार को विश्व क्षय दिवस के अवसर पर कलेक्टर ऊषा परमार ने जिला पंचायत सभागृह में रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से टीबी मरीजों को पोषण आहार किट का वितरण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित डॉ. नीरज जैन, डॉ. जीतेन्द्र यादव, दिनेश सिंह, विकास श्रीवास्तव, राजेश आरख एवं रामू बाबू भी उपस्थित रहे। इसके अलावा जिला चिकित्सालय पन्ना के टीबी वार्ड में भर्ती मरीजों को भी किट वितरित की गई। पवई विकासखंड के टिकरिया में टीबी स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन किया गया।

### संकल्प से समाधान खण्ड स्तरीय जनपद परिसर में संपन्न हुआ शिविर

## विभिन्न योजनाओं के संबंध में दी गई जानकारी

**पवई।**



मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक एक प्रमुख जन कल्याणकारी पहल संकल्प से समाधान अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य केंद्र और राज्य की विभिन्न योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं डिजिटल तरीके से पात्र लाभार्थियों तक पहुंचना है। इस अभियान के अंतर्गत 106 से अधिक योजनाओं का लाभ, उनसे जुड़ी शिकायत आदि का निराकरण शिवरों के माध्यम से किया जा रहा है। इसी के तहत मंगलवार को जनपद पंचायत परिसर पवई में संकल्प से समाधान अभियान के तहत खण्ड स्तरीय शिविर का आयोजन मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोहनी आनंद मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान विभिन्न विभागों के खंड स्तरीय अधिकारियों के द्वारा मौके पर प्राप्त विभिन्न विभागों की समस्याओं का समाधान किया गया, साथ ही योजना से जुड़े आवेदन भी लिए गए,इसके अलावा कंकाली माता मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले मेले, व्ही जीरामजी योजना, जी टी पी टी पोर्टल पर ऑडिटिंग जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पुरानी बावड़ियां, तालाब, कुएं का जीर्णोद्धार,सामूहिक कन्या विवाह निकाह योजना इत्यादि के विषय में भी उपस्थित पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों को दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही पात्र विकलांग हितग्राहियों को ट्राय साइकिल भी प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी अखिलेश उपाध्याय,जनपद सदस्य कमलेश तिवारी, बीपीओ लोकनाथ बागरी, विक्रम बागरी,रमेश बागरी, खण्ड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी, पंचायत सचिव ,रोजगार सहायक मौजूद रहे।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के अपूर्ण कार्यों को समयावधि में पूर्ण कर लाएं अपेक्षित प्रगति

# कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश







**पन्ना।**

कलेक्टर ऊषा परमार ने कहा है कि शासन के निर्देशानुसार आगामी 30 जून तक संचालित होने वाले तीसरे जल गंगा संवर्धन अभियान में गत वर्ष के अपूर्ण कार्यों की आगामी 20 अप्रैल तक पूर्णता सुनिश्चित करें और अपेक्षित प्रगति लाएं। ग्राम पंचायतों में खेत तालाब तथा डगवेल रिचार्ज के कार्य को समय सीमा में पूर्ण कराएं। मां की बगिया योजना में भी प्रारंभिक तैयारियों को अविलंब पूर्ण कर लें। जिला कलेक्टर ने मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में अभियान से जुड़े विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और जनपद पंचायतवार विभिन्न कार्यों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती परमार ने कहा कि अभियान के दौरान विभिन्न अवधि में पूर्ण किए जाने वाले कार्यों व मरम्मत योग्य कार्यों के संबंध में टीमवर्क के साथ कार्य करें। प्रत्येक जनपद पंचायत की टीम द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संपादित किए जाने वाले कार्यों के लिए आवश्यकतानुसार अन्य विभागों के समन्वय से कार्य पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के पम्प ऑपरेटर्स के प्रशिक्षण, स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्रों में जल परीक्षण, जनपदवार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण, ग्रामीण क्षेत्रों में हैण्डपंप एवं जल स्त्रोतों के आसपास निरंतर साफ-सफाई कार्य सुनिश्चित कराने के लिए कहा। इस दौरान समस्त जनपद पंचायतों में पेयजल संधारण रजिस्टर संधारित करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने स्वयं के भवन वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों में रैनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना सहित आवंटित राशि के सही व उचित उपयोग तथा छोटे-छोटे कार्यों को निर्बाध रूप से शीघ्र पूर्ण कराने के लिए कहा। इस महत्वाकांक्षी अभियान में जन अभियान परिषद के कार्यों तथा भूमिका की जानकारी लेकर जनजागरूकता गतिविधियों के साथ-साथ नदी तट, घाट व पानी से जलकुंभी व अन्य कचरे की अनिवार्यतः सफाई करवाने पर जोर दिया। साथ ही चिन्हांकित ऐतिहासिक महत्व के तालाब स्थलों पर जनसहयोग से अन्य अपेक्षित कार्यों के संबंध में भी निर्देश दिए। बैठक में पन्ना सहित सभी विकासखंड अंतर्गत अच्छे और महत्वपूर्ण कार्यों के दस्तावेजीकरण के लिए भी निर्देशित किया गया। आजीविका मिशन अंतर्गत पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ विभागीय कार्यों के संपादन के निर्देश दिए गए। पूर्व से स्वीकृत कार्यों को तत्काल आरंभ कराने सहित वांछित जानकारी फीडिंग कराने के लिए भी निर्देशित किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने अभियान अंतर्गत तीन माह में विभिन्न विभागों द्वारा संपादित किए जाने वाले कार्यों व गतिविधियों संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया। इसके अलावा आगामी समीक्षा बैठक के पूर्व सभी विकासखंड के अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सहित जनपद पंचायत सीईओ तथा विकासखंड स्तरीय अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्ति पूर्व जपं सीईओ का किया सम्मान

समीक्षा बैठक के उपरांत जनपद पंचायत शाहनगर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भगवान सिंह की सेवानिवृत्ति के पूर्व जिला कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ एवं अन्य अधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया। शाहनगर जपं सीईओ आगामी 31 मार्च को 62 वर्ष की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होंगे। इसके पूर्व मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में सीईओ को शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान शासकीय सेवा में जिम्मेवारीपूर्वक दायित्वों के निर्वहन तथा कार्यकुशलता की सराहना भी की गई।

## गुटखा की कालाबाजारी पर प्रशासन मौन, वजन घटा दाम बढ़े



**अमानगंज (निप्र)।**

क्षेत्र में गुटखा एवं पान मसाले की कालाबाजारी को लेकर लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। बाजार में विभिन्न ब्रांड के पान मसाले खुलेआम उपलब्ध हैं, लेकिन इनमें पिछले कुछ समय से बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। जहां एक ओर पाउच का वजन कम कर दिया गया है, वहीं दूसरी ओर इनके दामों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकानों पर पान मसाले निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर बेचे जा रहे हैं। कई उत्पाद आसानी से उपलब्ध नहीं होते, जिससे उपभोक्ताओं को मजबूरन ऊंचे दाम चुकाने पड़ते हैं। इससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।गुटखा और पान मसाले का सेवन क्षेत्र में काफी व्यापक है। हर गांव, कस्बे और नगर में इसके उपभोक्ता मिल जाते हैं। धीरे-धीरे यह शौक आदत में बदल जाता है, जिससे लोग गंभीर बीमारियों की चपेट में भी आ रहे हैं।इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए न तो नियमित जांच हो रही है और न ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि या तो गुटखा और पान मसाले की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए, या फिर इनके दाम और गुणवत्ता को नियंत्रित कर आम जनता को राहत दी जाए।

# पुलिस द्वारा अवैध शराब परिवहन के मामले में फरार आरोपी को किया गया गिरफ्तार

### आरोपी विलासितापूर्ण जीवन जीने के शौक एवं पैसों की लालच में मंहगी गाड़ियों से करता था अवैध शराब की तस्करी

**पन्ना।**

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु लगातार कार्यवाहियाँ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु थाना/चौकी स्तर पर थाना/चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीमो का गठन किया गया है । गठित पुलिस टीमो द्वारा अपने -अपने थाना क्षेत्र में वैधानिक कार्यवाही हेतु अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । इसी क्रम में दिनांक 08.03.2026 को चौकी प्रभारी मोहन्द्रा उनि. दीपक भदौरिया द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम रीछी के पास से एक बलेनो कार क्रमांक ड्च्35र्-।5906 से 08 पेटी अवैध शराब बरामद की जाकर अवैध शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त कार को जप्त किया जाकर मामले में आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 83/26 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का कायम किया जाकर




विवेचना में लिया गया। मामले का मुख्य आरोपी घटना दिनांक से फरार था। मामले में चौकी प्रभारी मोहन्द्रा द्वारा फरार नामजद आरोपी अजय पाल लोधी पिता हरबंस लोधी उम्र 36 साल निवासी बरखेड़ा थाना सिमरिया जिला पन्ना की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये गये। मामले में पुलिस टीम द्वारा संभावित स्थानो पर आरोपी की तलाश की गई एवं आरोपी की जानकारी हेतु अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरूप मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मामले का आरोपी सागर में मोतीनगर थाना क्षेत्र में छिपा हुआ है। पुलिस टीम द्वारा तत्परता पूर्वक मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँचकर आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया । पूँछताछ पर आरोपी द्वारा बताया गया कि विलासितापूर्ण जीवन जीने के शौक एवं पैसो के लालच में मैंने घटना कारित की थी। मामले में पुलिस टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी**- 1. अजय पाल लोधी पिता हरबंस लोधी उम्र 36 साल निवासी बरखेड़ा थाना सिमरिया जिला पन्ना मध्य प्रदेश

**सराहनीय योगदान**- उक्त संपूर्ण कार्यवाही में चौकी प्रभारी मोहन्द्रा उनि. दीपक भदौरिया,प्र.आर. इदुल बक्श, आर. राहुल पटेल, चालक आर. अखिल शुक्ला एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा।

# होटल-रेस्टोरेंट बंद होने की कगार पर, ताले लगे, कोयले का सहारा

छतरपुर।

*जिले में घरेलू रसोई गैस की किल्लत के बाद अब कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर का संकट गहरा गया है। जिससे होटल एवं रेस्टोरेंट व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। हालात इतने गंभीर हैं कि कई नामी होटल और रेस्टोरेंट बंद हो चुके हैं जबकि कई बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। कुछ जगहों पर ताले लग चुके हैं और व्यवसाय ठप पड़ गया है।*



यह संकट मुख्य रूप से पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित होने से उत्पन्न हुआ है। जिसके चलते कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई है। गैस एजेंसियों पर भारी भीड़ देखी जा रही है, जहां घरेलू सिलेंडर भी सीमित मात्रा में उपलब्ध हो रहे हैं। गैस एजेंसी संचालक हरगोविंद गांधी ने बताया कि घरेलू एलपीजी सीमित रूप से मिल रही है लेकिन कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति पूरी तरह बंद है। कई उपभोक्ताओं ने एक वर्ष में 14 सिलेंडर ले लिए हैं जिनकी केवाईसी नहीं है, जबकि शहरी क्षेत्र में 25 दिन और ग्रामीण में 45 दिन में सिलेंडर मिलने की अवधि है। कुछ लोगों की किताब बंद हो गई है क्योंकि 9 महीने में सिलेंडर नहीं लिया गया।

होटल एवं रेस्टोरेंट यूनियन के अध्यक्ष भगवत अग्रवाल ने बताया कि सिलेंडर न मिलने से संचालकों को मजबूरन कोयले का सहारा लेना पड़ रहा है, इससे लागत बढ़ गई है। कामकाज प्रभावित हो रहा है और धुएं के कारण कर्मचारियों को भी परेशानी हो रही है। कई होटलों में तबा की रोटी, चाऊमीन जैसी चीजों को बंद करना पड़ा है और मेन्यू सीमित कर दिया गया है। कमर्शियल सिलेंडर की कमी से कोयले का उपयोग बढ़ा है, जो स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। व्यापारियों ने सरकार से तत्काल समस्या के समाधान की मांग की है ताकि होटल-रेस्टोरेंट व्यवसाय और इससे जुड़े हजारों कर्मचारियों की आजीविका प्रभावित न हो। केंद्र सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देते हुए उत्पादन बढ़ाया है लेकिन कमर्शियल सेक्टर में राहत अभी नहीं मिली है। यह संकट न केवल छतरपुर बल्कि मध्य प्रदेश के अन्य जिलों और देश के कई हिस्सों में देखा जा रहा है, जहां होटल-रेस्टोरेंट बंद होने या सीमित संचालन की स्थिति बनी हुई है।

## खबर संक्षेप



### खेरे की माता मंदिर में पंचमीं पर सजा छप्पन भोग, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

छतरपुर। पंचमी के पावन अवसर पर शहर के प्रसिद्ध खेरे की देवी माता मंदिर में भव्य छप्पन भोग का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर को आकर्षक सजावट से सजाया गया, जहां माता के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर के पुजारी रज्जू महाराज ने बताया कि शाम को खेरे की देवी माता को छप्पन भोग में विभिन्न प्रकार के व्यंजन अर्पित किए गए, जिसने भक्तों का मन मोह लिया। आयोजन के दौरान भक्ति गीतों और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। प्रशासन और समिति द्वारा व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संभाली गईं।

### दिव्यांग प्रोत्साहन राशि के लिए दर-दर भटकता युवक



छतरपुर। मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में एक दिव्यांग युवक अपनी समस्या लेकर अधिकारियों के सामने पहुंचा और न्याय की गुहार लगाई। मस्तान शाह कॉलोनी रानी तलैया निवासी 25 वर्षीय रिजवान अहमद ने बताया कि उसकी शादी 20 फरवरी 2025 को हुई थी और उसकी पत्नी भी दिव्यांग है, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर हो गई है। रिजवान ने बताया कि वह पिछले लगभग छह महीनों से दिव्यांग प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने के लिए विभिन्न विभागों के चक्कर काट रहा है, लेकिन अब तक उसे केवल आश्वासन ही मिला है। बार-बार प्रयासों के बावजूद उसे योजना का लाभ नहीं मिल सका, जिससे वह आर्थिक संकट से जूझ रहा है। जनसुनवाई के दौरान जब वह अधिकारियों का इंतजार कर रहा था, तभी जिपं सीईओ नमः शिवाय अर्जरिया वहां पहुंचे और उन्होंने युवक की समस्या को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए शीघ्र प्रोत्साहन राशि दिलाने का आश्वासन दिया।

### खून से लिखा ज्ञापन, धार्मिक भावना आहत होने पर कार्रवाई की मांग



छतरपुर। मंगलवार को जिला कलेक्टर की जनसुनवाई में एक अनोखा और चौंकाने वाला मामला सामने आया। ओमदत्त शुक्ला नामक युवक ने अपनी मांगों को लेकर खून से लिखा पत्र कलेक्टर को सौंपा। युवक ने पटना में हुए एक कार्यक्रम के दौरान धार्मिक ग्रंथ का सार्वजनिक रूप से अपमान किए जाने का आरोप लगाते हुए हिंदू समाज की भावनाएं आहत होने की बात कही। युवक ने ज्ञापन में इस घटना के लिए सख्त कार्रवाई की मांग की है। उसने दावा किया कि पहले से ही इस प्रकार की घटना की चेतावनी दी गई थी, लेकिन प्रशासन और आयोजकों की ओर से इसे रोका नहीं गया। ओमदत्त शुक्ला ने खून से लिखे पत्र के माध्यम से प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल जांच के निर्देश दे दिए हैं।

### स्कूल में छात्र से बेरहमी से मारपीट, वीडियो वायरल

छतरपुर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित सरकारी नंबर 1 स्कूल में छात्रों के बीच हुई बेरहमी वाली मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ छात्र दूसरे छात्र



के साथ क्रूरता से मारपीट करते दिख रहे हैं, जिससे स्कूल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।बताया जा रहा है कि यह घटना कुछ महीने पुरानी है, लेकिन वीडियो अब सामने आने के बाद स्कूल प्रबंधन की कार्यप्रणाली और सुरक्षा इंतजामों पर लोगों में भारी नाराजगी फैल गई है। स्थानीय स्तर पर जिम्मेदार अधिकारियों और स्कूल प्रबंधन पर सख्त कार्रवाई की मांग जोर पकड़ रही है।

## फोरलेन में कार पलटी, पति की मौत, पत्नी व साला गंभीर रूप से घायल



छतरपुर।

झांसी-खजुराहो फोरलेन पर सोमवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और साला घायल हो गए। हादसा शाम करीब 7 बजे बागेश्वर धाम तिराहे के पहले हुआ, जब सामने से आए एक अज्ञात वाहन ने कार को जोरदार टक्कर मार दी।

शिवम पिता रामलखन विश्वकर्मा (30) निवासी सालन अमानगंज पत्नी मनीषा (25) और डेढ़ वर्ष - के बेटे सक्षम के साथ अल्टो कार से नौगांव से अमानगंज लौट रहे थे। उनके साथ मनीषा का भाई शुभम (19) निवासी मन्नीखिरवा थाना गुनौर भी मौजूद था। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार कई बार पलटी खाते हुए सड़क किनारे जा गिरी। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में मौजूद डॉ. जयदीप रैकवार ने शिवम को मृत घोषित कर दिया।

बताया जा रहा है कि हादसे में डेढ़ साल के मासूम मोक्ष को कोई गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन एहतियात के तौर पर उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं पत्नी मनीषा को हादसे के बाद की कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है और वह सदमे में है। साले शुभम के हाथ-पैर में चोटें आई हैं।

जानकारी के मुताबिक मनीषा पिछले तीन दिनों से खांसी और बुखार से पीड़ित थी, इसके इलाज के लिए शिवम उसे नौगांव लेकर गया था। वापस लौटते समय यह हादसा हो गया। इमरजेंसी में परिजन मौजूद न होने के कारण डॉक्टरों ने शिवम की मौत की जानकारी तत्काल पत्नी को नहीं दी और परिजनों के आने का इंतजार किया। फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है और मामले की जांच जारी है।

## ट्रेन में चढ़ते समय हुआ हादसा] युवक के दोनों पैर एक हाथ कटे

## 108 एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा

हरपालपुर।

हरपालपुर रेलवे स्टेशन पर सोमवार रात ट्रेन पर चढ़ते समय एक युवक का संतुलन बिगड़ गया. संतुलन बिगडऩे से युवक का पैर फिसल गया और वह ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच फंस गया. इससे उसके दोनों पैर एक हाथ कट गए. जिसके बाद ट्रेन को हादसे के बाद खड़ा किया गया । काफी देर घायल अवस्था मे युवक रेलवे लाइन पर पड़ा रहा। सूचना पर पहुँची 108 एम्बुलेंस की मदद ने युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया। 28 वर्षीय युवक की पहचान नहीं हो पाई हैं।



जानकारी अनुसार सोमवार रात 9.30 बजे दिल्ली से जबलपुर जा रही महाकौशल एक्सप्रेस हरपालपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची थी. बताया गया कि ट्रेन के प्लेटफार्म पर पहुंचते ही 28 वर्षीय अज्ञात युवक चलती ट्रेन में चढऩे का प्रयास किया. इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच में गिर गया. पलक झपकते ही उसके दोनों पैर एक हाथ कट गए. ये हादसा महोबा की ओर प्लेटफार्म पर स्टेशन अधीक्षक के आफिस से कुछ कदमों की दूरी पर हुआ।

युवक गम्भीर रूप घायल होकर काफी देर रेलवे लाइन पर तफड़ता रहा इस दौरान लोगों की भारी भीड़ जुट गई। स्टेशन मास्टर की सूचना पर 112 एफआरवी 108 एम्बुलेंस कर्मियों द्वारा मौके पर पहुंचकर घायल युवक को बाहर निकालार अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

हरपालपुर थाना टीआई संजय राय ने बताया कि सोमवार रात 9 बजे के लगभग दिल्ली से जबलपुर जा रही महाकौशल एक्सप्रेस के स्टेशन प्लेटफार्म एक पर दो मिनिट बाद ट्रेन छूटने के दौरान 28 वर्षीय अज्ञात युवक ने चढऩे के प्रयास में असंतुलित होकर ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच फंस गया. कुछ ही सेकंड में युवक के दोनों पैर एक कट गए. सूचना के बाद युवक को बाहर निकाल कर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया. जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है.घायल युवक की पहचान का प्रयास किया जा रहा हैं।

## महाबली हनुमान के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव पर निकली भव्य और विशाल शोभायात्रा

## भक्ति और उत्साह से गूंजा नगर, सिर पर कलश रखकर निकली 108 महिलाएं





### 51 से अधिक स्थानों में हुआ स्वागत, भक्तों ने की पुष्प वर्षा

### बग्घियों में सवार हुई सजीव झांकियां, साधु संत निकले यात्रा में

छतरपुर।

शहर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल जानराय टोरिया में इन दिनों प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का महाकुंभ चल रहा है। देश की इकलौती अष्टधातु की 51 फुट की विशाल श्री हनुमान की प्राण प्रतिष्ठा करने के उद्देश्य से महोत्सव की शुरुआत की गई है। 9 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव के पहले दिन भव्य और विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। 108 महिलाएं विशेष श्रृंगार के साथ सर पर कलश रखकर शोभायात्रा में चल रही थी वहीं शोभायात्रा का 51 से अधिक स्थानों पर अद्भुत स्वागत हुआ।

जानराय टौरिया के मीडिया प्रभारी लोकेश चौरसिया ने बताया कि सुबह करीब 11बजे मोटे के महावीर मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। 108 श्रद्धालु महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर यात्रा की शोभा बढ़ाई। पारंपरिक वेशभूषा में सजी इन महिलाओं ने श्रद्धा और आस्था का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। यह शोभायात्रा छत्रसाल चौक, महल रोड, चौक बाजार, फब्बारा चौक से होते हुए आयोजन स्थल तक पहुंची। यात्रा में आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। सजीव झांकियों में सनातन संस्कृति से जुड़े प्रसंगों का सुंदर चित्रण किया गया जो बग्घियों पर सवार होकर नगर भ्रमण कर रही थीं। इसके साथ ही साधु-संतों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक पवित्र बना दिया। यह भव्य आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण का भी संदेश दिया। इस अवसर पर 102 वर्षीय महात्मा राजाराम आचार्य, जानराय टौरिया के महंत श्रृंगारी महाराज क्षेत्रीय विधायक ललिता यादव, कांग्रेस की कार्यकारी जिला अध्यक्ष दीप्ति पांडे सहित देश भर से बड़ी संख्या में आए साधु संत और धर्म प्रेमी शामिल हुए।

### बेटियों ने दिखाया शौर्य, ढोल की थाप पर चलाई तलवार, हुआ सम्मान

शोभायात्रा के दौरान बेटियों ने भी अपना अद्भुत शौर्य प्रदर्शन किया। ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच उन्होंने तलवारबाजी का प्रदर्शन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दृश्य ने नारी शक्ति और साहस का सशक्त संदेश दिया। अपने शौर्य का प्रदर्शन करने वाली प्रताप नवयुवक संघ एवं सोनी समाज की बेटियों को महंत जी की ओर से सम्मानित किया गया। पूरा नगर जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़, भक्ति गीतों की मधुर धुन और अनुशासित व्यवस्था ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

## राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलम्पियाड में जिले के छात्रों ने फहराया परचम

## कक्षा 5वीं के छात्र अनमोल राज ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान

### इग्लिश लिटरेसी कार्यक्रम में जिले ने प्राप्त किया तीसरा स्थान

छतरपुर।

राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा आयोजित एवं लीप फॉर वर्ड संस्था द्वारा ग्वालियर में आयोजित राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलम्पियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का परचम लहराया।

डी.पी.सी. अरूण शंकर पाण्डेय ने बताया कि जिला कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन एवं सी.ई.ओ. जिला पंचायत नमःशिवाय अरजरिया के मार्गदर्शन में जिले के 13 सदस्यीय दल ने ए.पी.सी. अकादमिक के नेतृत्व में ग्वालियर में आयोजित राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलम्पियाड में सहभागिता की।राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलम्पियाड में प्रत्येक जिले से कक्षा दूसरी से पॉचवीं तक प्रत्येक कक्षा से चयनित एक छात्र, उसके अभिभावक एवं मार्गदर्शी शिक्षक शामिल हुए। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल राउण्ड में पूरे प्रदेश से कक्षावार 52 छात्र शामिल हुए, जिसमें छतरपुर जिले के शासकीय प्राथमिक शाला विपतपुरा की कक्षा 5वीं के छात्र अनमोल राज,




शासकीय प्राथमिक शाला मोटे का पुरवा की कक्षा चौथी के छात्र प्रथम कुमार दीक्षित, शासकीय प्राथमिक शाला बम्हौरी की कक्षा तीसरी के छात्र गोपाल शरण बिल्थरे एवं शासकीय मॉडल स्कूल बकस्वाहा की कक्षा दूसरी के छात्र असद खान ने सहभागिता की। फाइनल राउण्ड में जिले से अनमोल राज एवं प्रथम कुमार दीक्षित ने क्रमशः कक्षा 5वीं एवं 4वीं कक्षा में अन्तिम छः छात्रों में अपना स्थान बनाया। फाइनल राउण्ड में जिले के कक्षा 5वीं के छात्र अनमोल राज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करते हुए जिले का परचम लहराया। चौथी के छात्र प्रथम कुमार दीक्षित ने राज्य में पॉचवा स्थान प्राप्त किया। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा छात्रों को प्रमाण पत्र शील्ड एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया साथ ही मार्गदर्शी शिक्षकों को भी उपहार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। लीप फॉर वर्ड संस्था द्वारा इग्लिश लिटरेसी प्रोग्राम में जिले के शिक्षकों की उत्कृष्ट सहभागिता के लिए जिले को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, जिसके लिए जिले के ए.पी.सी. अकादमिक नीरज खरे को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं राज्य शिक्षा केन्द्र के प्रतिनिधियों द्वारा शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। छात्रों की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा केन्द्र के अधिकारियों एवं छात्रों के शिक्षकों एवं अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सटई में बनेगा महिला क्रिकेटर क्रांति गौड़ के नाम का स्टेडियम

छतरपुर।

बुंदेलखंड की धरती से निकलकर क्रिकेट के मैदान पर अपनी धाक जमाने वाली राष्ट्रीय महिला खिलाड़ी क्रांति गौड़ के सम्मान में छतरपुर के सटई में एक नई खेल क्रांति की इबादत लिखी जा रही है। नगर आगमन पर हुए भव्य स्वागत के साथ ही इस बात का सार भी सामने आ गया है कि अब क्षेत्र की बेटियां भी अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं के बीच अपने सपनों को उड़ान दे सकेंगी। इस पूरे आयोजन और स्टेडियम निर्माण का मुख्य उद्देश्य न केवल एक खिलाड़ी को सम्मान देना है, बल्कि खेल के प्रति सामाजिक सोच में आए उस बड़े बदलाव को रेखांकित करना है, जहां अब परिजन भी अपनी बेटियों को मैदान पर पसीना बहाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

राष्ट्रीय खिलाड़ी क्रांति गौड़ के प्रथम नगर आगमन पर सटई में उत्सव जैसा माहौल देखा गया, जहाँ नगर परिषद अध्यक्ष माया/राजेश शर्मा द्वारा पुष्प वर्षा और गुलदस्ता भेंट कर उनका आत्मीय अभिनंदन किया गया। इस दौरे का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा क्रांति गौड़ क्रिकेट स्टेडियम




के निर्माण कार्य का मुआयना रहा, जहाँ स्वयं खिलाड़ी ने ग्राउंड की बारीकियों को देखा। उन्होंने स्टेडियम को और अधिक आकर्षक और आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को अभ्यास के दौरान किसी भी प्रकार की कमी महसूस न हो। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की खेल प्रोत्साहन नीति के बीच, किसी खिलाड़ी के नाम पर स्टेडियम का बनना क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

**रूढ़ियों को तोड़ती बेटियां-** मीडिया से मुखातिब होते हुए क्रांति गौड़ ने एक महत्वपूर्ण सामाजिक बदलाव का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वल्ड कप में मिली जीत के बाद से गांवों और शहरों की लड़कियों में क्रिकेट के प्रति रुचि तेजी से बढ़ी है। उन्होंने वह समय भी याद किया जब लड़कियों का खेलना समाज में सही नहीं माना जाता था, लेकिन अब माता-पिता स्वयं अपनी बेटियों के साथ खड़े हैं। क्रांति ने युवा खिलाडिय़ों को संदेश दिया कि वे केवल अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करें, सफलता निश्चित रूप से कदम चूमेगी। नगर परिषद अध्यक्ष और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ यह संवाद खेल के प्रति एक नई जागरूकता पैदा करने वाला साबित हुआ है।

**नवंबर में भव्य उद्घाटन की संभावना-** स्टेडियम निर्माण की प्रगति को देखते हुए यह संभावना जताई जा रही है कि नवंबर माह तक इसका कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। योजना के अनुसार, नवंबर में ही इस स्टेडियम का भव्य उद्घाटन हो सकता है, जो सटई और आसपास के युवाओं के लिए एक बड़ी सौगात होगा। इस गरिमामयी कार्यक्रम में नगर परिषद के पूरे स्टाफ के साथ-साथ संकुल प्राचार्य सुशीला वर्मा, थाना प्रभारी सुनीता बिंदुआ और नगर के गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। यह स्टेडियम न केवल क्रांति गौड़ की उपलब्धियों का प्रतीक बनेगा, बल्कि बुंदेलखंड के खेल इतिहास में एक मील का पत्थर भी साबित होगा।

## खबर संक्षेप



### डिप्टी सीएम ने विंध्य क्षेत्र में सड़क, फ्लाई ओवर एवं पुल-पुलिया निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा

रीवा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय, भोपाल में विंध्य क्षेत्र में सड़क, फ्लाइओवर एवं पुल-पुलिया निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सुदृढ़ अधोसंरचना अत्यंत आवश्यक है। बैठक में रीवा फ्लाइओवर, संस्कृत विश्वविद्यालय लक्ष्मणबाग के समीप प्रस्तावित एप्रोच रोड, मऊगंज बायपास तथा मऊगंज–पटेरा औद्योगिक क्षेत्र को जोड़ने वाली सड़क सहित विभिन्न प्रमुख अधोसंरचना परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, प्रगति, शेष कार्य पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों द्वारा परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिस पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं की सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों में अंतर्विभागीय समन्वय की आवश्यकता है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकृत किया जाए। उन्होंने प्रशासनिक स्तर की स्वीकृतियों, भूमि संबंधी मुद्दों, तकनीकी अड़चनों एवं मैदानी समस्याओं को चिन्हित कर उनके समाधान हेतु त्वरित और यथोचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा, व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि क्षेत्र के औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए सुदृढ़ अधोसंरचना का विकास अत्यंत आवश्यक है। बेहतर सड़क संपर्क और परिवहन सुविधाएं निवेश को आकर्षित करने में सहायक होंगी, जिससे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के सभी क्षेत्रों में संतुलित एवं समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। अधोसंरचना विकास शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि अधोसंरचना परियोजनाओं का समयबद्ध पूर्ण होना विंध्य क्षेत्र के दीर्घकालीन विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बैठक में लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह सहित संबंधित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### जनसुनवाई में कलेक्टर कार्यालय में 85 आवेदकों की सुनी गयी समस्यायें

रीवा। प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में कलेक्टर कार्यालय में डिप्टी कलेक्टर राजेश कुमार सिन्हा एवं सुधीर कुमार बेक ने 85 आवेदकों की समस्यायें सुनी तथा प्राप्त आवेदकों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। मनोज कुमार सोनी पतौता के मुआवजा राशि के भुगतान, मड़वा ग्राम के भैयालाल नामदेव द्वारा न्यायालयीन प्रकरण में जबरदस्ती सीमांकन कराने तथा रिमारी निवासी राहुल कोल के कृषि भूमि पर जबरन कब्जा कर खेती करने से रोकने के आवेदन पर संबंधित तहसीलदारों को कार्यवाही के लिए प्रेषित किया गया। जनसुनवाई में गोपालशरण पाण्डेय के नजरी नक्शा सीमांकन के आवेदन पर एसडीएम हुजूर को तथा कछिगवां निवासी शकुंतला के पैतृक जमीन में गलत नाम दर्ज करने के आवेदन पर तहसीलदार मनगवां को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। आरती देवी विश्वकर्मा निवासी दानी के किडनी फेल होने पर आर्थिक सहायता राशि प्रदाय किये जाने के आवेदन पर सीएमएचओ को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

## जल संरक्षण हम सबकी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी

# गर्मियों में पेयजल आपूर्ति नियमित रखने के लिए उचित प्रबंध करें - कमिश्नर

**रीवा। कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित संभागीय बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि जल संरक्षण और संवर्धन हम सबकी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। जलगंगा संवर्धन अभियान में सभी अधिकारी बढ़चढ़ कर योगदान दें। शासन के निर्देशों के अनुरूप नदियों के उद्गम स्थलों की सफाई, पुरानी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार तथा गत अभियान के अधूरे जल संरक्षण के कार्यों को पूरा कराने पर विशेष जोर दें। जल संरक्षण के संबंध में किए जा रहे प्रयासों का फोटो सहित विवरण जनसम्पर्क कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराकर प्रचार-प्रसार कराएं। ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, नगरीय निकाय तथा उच्च शिक्षा विभाग मिलकर जल संरक्षण के संबंध में जागरूकता अभियान चलाएं।**



कमिश्नर ने कहा कि अधीक्षण यंत्री पीएचई गर्मियों में संभाग के हर बसाहट में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रबंध करें। हैण्डपंपों के सुधार के लिए सभी विकासखण्डों में तत्काल कंट्रोल रूम शुरू करें। राइजर पाइप, वाहन तथा अन्य संसाधनों के साथ हैण्डपंप सुधार के लिए टीम तैनात करें। पेयजल के संबंध में प्राप्त शिकायतों पर तत्परता से और संवेदनशीलता से कार्यवाही करें। जल गंगा संवर्धन अभियान में पीएचई और जल निगम के अधिकारी नलजल योजनाओं के स्त्रोत तथा हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट बनाने का अभियान चलाएं। एकल नलजल योजनाओं का निर्माण कार्य 31 मार्च तक पूरा कराकर इसे ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर करें। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में पेयजल की नियमित आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। कमिश्नर ने कहा कि सात अप्रैल से निर्धारित खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर गेंहू का उपार्जन शुरू होगा। सभी खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल तक पर्याप्त संख्या में बारदाने उपलब्ध कराएं। खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए छाया, पानी, शौचालय आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। पंजीकृत किसानों के रकबे का दो दिवस में शत-प्रतिशत सत्यापन कराएं। उपार्जित गेंहू के भण्डारण के लिए भी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों में सिंगरौली को छोड़कर शेष जिलों की ग्रेडिंग बी रहने पर नाराजगी व्यक्त की। कमिश्नर ने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से लंबित प्रकरणों का निराकरण कराएं। प्रकरणों के नॉन अटेंडेड रहने पर संबंधित अधिकारियों पर कार्यवाही करें। सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निराकरण के लिए विशेष प्रयास करें। कमिश्नर ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान में शेष बचे आवेदन पत्रों का तीन दिवस में निराकरण कराएं। रीवा तथा सिंगरौली जिलों में आवेदन पत्रों की संख्या अपेक्षा के अनुरूप नहीं है। पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र दर्ज कराएं। कमिश्नर ने कहा कि ई आफिस में रीवा संभाग प्रदेश में संभागों की रैंकिंग में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। सभी अधिकारी संभाग के जिलों की रैंकिंग में सुधार पर भी ध्यान दें। कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं पर कार्यवाही करके प्रतिवेदन ऑनलाइन दर्ज करें। सभी अधिकारी प्रत्येक बुधवार क्षेत्र का भ्रमण करके विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की मानीटरिंग करें। भ्रमण के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र उचित मूल्य दुकानों तथा अस्पतालों का निरीक्षण करके सामान्य जानकारी लें। अधिकारी 31 मार्च तक सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण तत्काल पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत कर दें। बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त एलएल अहिरवार, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, अधीक्षण यंत्री पीएचई महेन्द्र सिंह, उप संचालक मछलीपालन डॉ. अंजना सिंह, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. आरपी सिंह, एसडीओ वन हेमेन्द्र खण्डेलवाल तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## बैकुंठपुर में पेट्रोल-डीजल संकट टंकियां सूखी, वाहनों के थमे पहिए

**डिपो से आपूर्ति ठप, लोग खाली हाथ लौटने को मजबूर, जनजीवन प्रभावित**

**रीवा।** जिले के बैकुंठपुर कस्बे में मंगलवार को पेट्रोल और डीजल की अचानक किल्लत से हड़कंप मच गया। डिपो से ईंधन की खेप नहीं पहुंचने के कारण क्षेत्र के अधिकांश पेट्रोल पंपों की टंकियां खाली हो गईं। हालात ऐसे बन गए कि लोगों को पेट्रोल-डीजल के लिए भटकना पड़ा और कई वाहन बीच रास्ते में ही खड़े हो गए। सुबह से ही फिलिंग स्टेशनों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वाहन चालकों ने घंटों कतार में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार किया, लेकिन जब उनकी बारी आई तो पंपों पर ईंधन खत्म हो चुका था। इससे नाराजगी और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई लोग मजबूरी में खाली हाथ वापस लौट गए। बता दे स्थानीय पेट्रोल पंप संचालकों के मुताबिक, सुबह से ही ईंधन की आपूर्ति बाधित रही। जैसे-जैसे स्टॉक खत्म होता गया, एक-एक कर सभी पंपों ने हाथ खड़े कर दिए। कुछ पंपों पर थोड़ी बहुत मात्रा में बचा ईंधन भी कुछ ही समय में समाप्त हो गया। पेट्रोल और डीजल की कमी का सीधा असर आमजन के दैनिक जीवन पर पड़ा। स्कूल, ऑफिस और बाजार जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई वाहन चालकों को बीच रास्ते में ही अपने वाहन खड़े करने पड़े, जिससे आवागमन भी प्रभावित हुआ।

### गैस के बाद अब ईंधन संकट

क्षेत्र में हाल ही में रसोई गैस की कमी की समस्या सामने आई थी, जिससे लोग पहले ही परेशान थे। अब पेट्रोल-डीजल की किल्लत ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। लगातार दो जरूरी संसाधनों की कमी से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

### डिपो से आपूर्ति न होना मुख्य कारण

पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने बताया कि डिपो से समय पर ईंधन की आपूर्ति नहीं होने के कारण यह संकट उत्पन्न हुआ है। उनका कहना है कि जैसे ही नई खेप पहुंचेगी, स्थिति सामान्य हो सकती है।

## सटीक स्वास्थ्य आंकड़े प्रभावी स्वास्थ्य नीति निर्माण का आधार - डॉ. ज्योति सिंह




**मल्टी डिसीप्लिनरी रिसर्च यूनिट, श्याम शाह मेडिकल कॉलेज द्वारा मृत्यु के कारण का चिकित्सकीय प्रमाण एवं रोगों के अंतरराष्ट्रीय वर्गीकरण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन।**

**रीवा।** श्याम शाह मेडिकल कॉलेज रीवा स्थित मल्टी डिसीप्लिनरी रिसर्च यूनिट द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया इस कार्यशाला का उद्देश्य मृत्यु के कारण का चिकित्सकीय प्रमाण तथा रोगों के अंतरराष्ट्रीय वर्गीकरण के प्रभावी उपयोग के साथ चिकित्सा अभिलेख की गुणवत्ता में सुधार लाना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर ज्योति सिंह, पूर्व विभागाध्यक्ष, बाल एवं शिशु रोग विभाग एवं पूर्व नोडल अधिकारी मल्टी-डिसीप्लिनरी रिसर्च यूनिट रीवा ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सटीक स्वास्थ्य आंकड़े प्रभावी स्वास्थ्य नीति निर्माण का आधार होते हैं तथा इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत बनाने में सहायक है।कार्यशाला के सम्मानित अतिथि के रूप में डॉक्टर पी.सी. द्विवेदी, पूर्व डीन, श्याम शाह मेडिकल कॉलेज रीवा उपस्थित रहे, उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आज की यह कार्यशाला केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था की दिशा में एक मजबूत कदम है क्योंकि साक्ष्य आधारित नीतियों को बनाने में और लोक स्वास्थ्य परिणाम में सटीक डाटा अहम भूमिका अदा करता है। विशेष अतिथि के रूप में डॉक्टर बीनू कुशवाह सिंह, DME नॉमिनी और डायरेक्टर रेगुलेशन एंड पॉलिसी नर्सिंग एवं पैरामेडिकल उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विशेष वक्ता के रूप में डॉक्टर अतुल श्रीवास्तव, गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल द्वारा महत्वपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया गया इसके अतिरिक्त अन्य व्याख्या वक्ताओं में डॉक्टर वीनू कुशवाह सिंह, डॉक्टर लोकेश त्रिपाठी, डॉ चक्रेश जैन , डॉक्टर अजीत कुमार मार्को, डॉक्टर अमरीश मिश्रा डॉक्टर रजनीश कुमार पांडे एवं डॉ प्रतीश शुक्ल द्वारा विभिन्न विषयों पर विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान मृत्यु के कारण का चिकित्सकीय प्रमाण, मातृ मृत्यु रिपोर्टिंग, रोगों के अंतरराष्ट्रीय वर्गीकरण, आईसीडी 10 तथा चिकित्सा अभिलेखों के सुदृढ़ीकरण जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया तथा प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। इस कार्यशाला का सफल संचालन आयोजन समिति के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें डॉक्टर सुनील अग्रवाल अध्यक्ष एवं डीन, डॉक्टर लोकेश त्रिपाठी, सदस्य सचिव एवं एसोसिएट नोडल अधिकारी मल्टी-डिसीप्लिनरी रिसर्च यूनिट,डॉक्टर संजय पांडे, वैज्ञानिक सहसचिव एवं डॉ श्वेता पांडे, वैज्ञानिक सहसचिव तथा MDRU स्टाफ श्री विवेक चमकेल, श्री उमेश कुमार श्रीवास्तव, पवन कुशवाहा एवं रिजवाना अंसारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## भगत सिंह के इंकलाब का अर्थ साम्राज्यवाद और पूंजीवाद के विरुद्ध जनता को एकजुट करना था - का. लालमणि त्रिपाठी

**रीवा।** महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह की शहादत का उद्देश्य केवल भारत की आजादी तक सीमित नहीं था, बल्कि वे देश की जनता को साम्राज्यवाद और पूंजीवाद के शोषण तंत्र से मुक्त कराना चाहते थे। उन्होंने कहा कि भगत सिंह के इंकलाब का अर्थ साम्राज्यवाद और पूंजीवाद के विरुद्ध जनता को एकजुट करना भी था।
वर्तमान समय में अमेरिकी साम्राज्यवाद और राष्ट्रपति ट्रम्प की नीतियों से पूरी दुनिया प्रभावित है, ऐसे संकट के दौर में साम्राज्यवाद का प्रतिरोध करने और इसके विरुद्ध जनता को संगठित करने के लिए भगत सिंह का क्रांतिकारी चिंतन अत्यंत प्रेरक और प्रासंगिक है। उक्त बाते कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कामरेड लालमणि त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य, ने अपने संबोधन में कही I श्री त्रिपाठी ने आगे कहा की कहा कि साम्राज्यवाद का प्रतिरोध करना ही भगत सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर वक्ता रामानुज तिवारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अमेरिकी साम्राज्यवाद का मोहरा बनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की फासीवादी प्रवृत्तियों का विरोध आवश्यक है और इसके खिलाफ जनप्रतिरोध को मजबूत किया जाना चाहिए।



कार्यक्रम के आयोजक ज्ञानेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में भगत सिंह के क्रांतिकारी विचारों की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी पर झूल गए और उनका बलिदान आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। विशिष्ट अतिथि अरुण कुमार पांडेय ने अपने उद्बोधन में भगत सिंह की क्रांतिकारी पंक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा— "लिख रहा हूं मैं अंजाम जिसका कल आगाज आएगा, मेरे लहू का हर एक कतरा इंकलाब लाएगा। मैं रहूं या न रहूं, यह वादा है तुमसे मेरा कि मेरे बाद वतन पर मरने वालों का सैलाब आएगा।" कार्यक्रम में भगत सिंह पैनल के अध्यक्ष राजेंद्र साकेत सहित रामप्रसाद गुप्ता, रामसुशील द्विवेदी, बाबूलाल शुक्ला, गयाप्रसाद चतुर्वेदी, राजकुमार चतुर्वेदी, अयोध्या पटेल, दिनेश पटेल, कमलभान सिंह, सुरेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, राजबहादुर सिंह, अजय सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, राजबहोर पटेल, रबी पटेल, लाला पटेल, राजकुमार साकेत, लाला कुशवाहा, कल्लू साकेत, लालमन यादव, भारत सिंह, मुन्ना शुक्ला, रामदरश शुक्ला, यज्ञनारायण मिश्रा आदि वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का समापन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किया गया।

## रीवा पुलिस को मिली आधुनिक वाहनों की सौगात, फॉरेंसिक वैन सहित कई संसाधन शामिल



### एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने पूजन के बाद दिखाई हरी झंडी

**रीवा।** पुलिस विभाग के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पुलिस मुख्यालय ने जिला रीवा पुलिस को अत्याधुनिक शासकीय वाहनों का आवंटन किया है। इन नए संसाधनों के शामिल होने से जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया बढ़ाने तथा वैज्ञानिक तरीके से अपराध अनुसंधान को प्रभावी बनाने में बड़ी मदद मिलेगी।
मंगलवार को पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने विधिवत पूजन-अर्चना कर नवीन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर विभागीय सेवा के लिए रवाना किया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।
पुलिस मुख्यालय द्वारा रीवा को प्रदान किए गए इन वाहनों में एक मोबाइल फॉरेंसिक वैन, दो बोलेरो नियो वाहन, एक फोर्स मिनी बस



और एक टाटा ट्रक शामिल हैं। बता दे मोबाइल फॉरेंसिक वैन में टाटा विंगर मॉडल पर आधारित है, जिसे घटनास्थल पर वैज्ञानिक साक्ष्यों के संकलन, संरक्षण और त्वरित विश्लेषण के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। इसके माध्यम से 'सीन ऑफ क्राइम' यूनिट को तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जाएगा, जिससे अपराधों की जांच अधिक सटीक और प्रभावी हो सकेगी। बता दे दोनों बोलेरो नियो वाहन पुलिस की फील्ड ड्यूटी, गश्त और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करेंगे। इनसे पुलिस की पहुंच और प्रतिक्रिया समय में सुधार होगा, जिससे आमजन को त्वरित सहायता मिल सकेगी। फोर्स मिनी बस पुलिस बल के सुरक्षित एवं सुगम आवागमन के लिए उपयोग में लाई जाएगी। इससे कानून-व्यवस्था ड्यूटी के दौरान जवानों का व्यवस्थित परिवहन सुनिश्चित होगा। टाटा ट्रक विभागीय लॉजिस्टिक्स, उपकरणों और भारी सामग्री के परिवहन में उपयोगी साबित होगा, जिससे विभिन्न अभियानों और व्यवस्थाओं को संचालित करने में आसानी होगी। पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि इन आधुनिक वाहनों के शामिल होने से रीवा पुलिस की कार्यक्षमता, गतिशीलता और तकनीकी दक्षता में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। उन्होंने विशेष रूप से फॉरेंसिक वैन का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके माध्यम से घटनास्थल पर वैज्ञानिक साक्ष्यों का बेहतर प्रबंधन संभव होगा, जिससे अपराधों की जांच और अधिक सुदृढ़ बनेगी। उन्होंने कहा कि इन संसाधनों का मुख्य उद्देश्य आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना, अपराध नियंत्रण को मजबूत करना और आपातकालीन स्थितियों में त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराना है।

## चोरों ने सूने मकान को बनाया निशाना, सोने-चांदी के जेवर और नगदी समेत 10–12 लाख का माल पार

**4 दिन बाद लौटे परिवार को मिला टूटा घर,चोरहटा थाना क्षेत्र की घटना**

**रीवा।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरहटा इलाके में अज्ञात चोरों ने एक सुने मकान को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर के ताले तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात व नगदी सहित करीब 10 से 12 लाख रुपये का सामान लेकर फरार हो गए। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब चार दिन बाद परिवार वापस घर लौटा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चोरहटा निवासी शुभम



शर्मा 19 मार्च को अपने परिवार के साथ पन्ना गए हुए थे। इस दौरान उनका घर पूरी तरह सूना पड़ा था। 23 मार्च को जब वे वापस लौटे तो घर के मुख्य दरवाजे सहित अंदर के कमरों के ताले टूटे हुए मिले। घर के अंदर प्रवेश करने पर सामान बिखरा पड़ा था, जिससे साफ था कि चोरों ने आराम से पूरे घर की तलाशी ली है। पीड़ित परिवार ने जब अलमारी की जांच की तो उसमें रखे कीमती जेवरात और नकदी गायब मिले। परिवार के अनुसार, चोर सोने-चांदी के आभूषणों के साथ बड़ी मात्रा में नकदी भी ले गए हैं, जिसकी कुल कीमत लगभग 10 से 12 लाख रुपये आंकी जा रही है। सूचना मिलते ही चोरहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि आरोपियों का सुराग लगाया जा सके। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि चोरों ने पहले घर की रेकी की होगी और यह सुनिश्चित किया कि घर में कोई मौजूद नहीं है।